तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



4

ई-रिक्शों के उपयोग से स्वच्छता दीदियों को होगी श्रम व समय की बचत : लखनलाल




**खबर संक्षेप**

### वर्ष का अंतिम लोक अदालत का आयोजन कल

**कोरबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2025 में अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर को आयोजित की जावेगी। ज्ञात हो कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां न्यायालयीन प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण तरीके से समझौता कर सालों के विवाद का त्वरित निपटारा किया जाता है। इस क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा इस वर्ष के अंतिम लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को किया जा रहा है। आयोजित होने वाले लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, दिवानी मामले, चेक बाउंस के मामले, यान वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा, ट्राफिक चालान का निराकरण होगा, साथ ही ऐसे मामले जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए है, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से उनका भी निराकरण किया जायेगा। इसमें बैंक वसूली, विद्युत बकाया, जल एवं कर सम्पति बकाया, टेलीफोन बिल जैसे मामले शामिल रहेगें।

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देश के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अर्हता तिथि 01.01.2026 के संदर्भ में चल रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग के निर्देशों की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न कर संबंधित कार्यालयों को प्रेषित की गई है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। इसके पश्चात दावों एवं आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा निर्देशित किया गया है कि आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए एवं समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपादित किए जाएँ।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 को

**कोरबा।** जिले में 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में 16 दिसंबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। गौरतलब है कि भारत सरकार एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर को आयोजित किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथ में तथा मॉप अप दिवसों 22 व 23 दिसंबर को गृह भेंटकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा।

### कुदुरमाल पुल बंद होने से यातायात व्यवस्था हुआ बाधित

**कोरबा।** हसदेव नदी पर बने लगभग 50 वर्ष पुराने ग्राम कुदुरमाल पुल पर मरम्मत सुधार कार्य प्रस्तावित होने के कारण जिला प्रशासन ने आवागमन अस्थायी रूप से रोक दिया है। पुल बंद होने के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा है। नागरिक परिषद ने इस संबंध में बुधवार को कलेक्टर को एक पत्र लिखकर तत्काल वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने का निवेदन किया है। परिषद के अध्यक्ष सुनील जैन द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि कुदुरमाल पुल बंद होने से संपूर्ण कोरबा शहर में वाहनों का दबाव अत्यधिक बढ़ गया है। उनका कहना है कि शहर वर्तमान परिस्थिति में इतने भारी यातायात का दबाव वहन करने की स्थिति में नहीं है, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा रही है।

## उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुदरी में हो रही थी तंत्र मंत्र से पैसा पाने की साधना

# तांत्रिक कहता रहा- रस्सी की कसावट जितना बर्दाश्त करोगे उतनी ही होगी पैसों की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना के ग्राम कुदरी स्थित एक फार्म हॉउस में शहर के स्क्रैप कारोबारी सहित तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में तांत्रिक ने झारन विधि से आसमान से पैसा बरसाने का झांसा दिया था, जहां उसने तीनों मृतकों के गले में नायलोन की रस्सी लगाई थी और गर्दन पर नारियल बांध रखा मुंह में नींबू तांत्रिक एक बात बार बार कर रहा था कि जो रस्सी के कसन को जितना ज्यादा सहेगा उतना ही ज्यादा आसमान से पैसों की बारिश होगी। तांत्रिक के झांसे में आकर तीनों युवक नायलॉन की रस्सी के फंदे की कसावट को सहते चले गए और कुछ क्षण में मुर्छित हो गए जिसके बाद एक एक कर तीनों मौत की आगोश में समा गए। मृतक के परिजनों को भी यह बात समझ में नहीं आ रही है कि वे कैसे तांत्रिक के झांसे में आ गए या फिर किसी साजिश के शिकार हो गए हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से तहकीकात में जुटी हुई है और विभिन्न पहलुओं को लेकर तार से तार मिला रही है। हालांकि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही तीनों की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**खास बातें**

- बिलासपुर के अमेरी से पहुंचा था तांत्रिक, तांत्रिक व उसके साथियों की हुई जमकर पिटाई
- पुलिस जुटी मामले की जांच में पीएम रिपोर्ट में होगा मौत के कारणों का खुलासा



मेडिकल अस्पताल के बाहर लगी भीड़, ग्राम कुदरी स्थित फार्म हाउस, जहां हुई घटना एवं इनसेट में अस्पताल में भर्ती तांत्रिक का साथी।

उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती निवासी स्क्रैप व्यवसायी मोहम्मद अशरफ 48 वर्ष पिता हाजी स्माइल मोहम्मद, तुलसी नगर डीएम रोड निवासी सुरेश साहू 44 वर्ष पिता बलदेव साहू, बिलासपुर तिफरा निवासी नीतीश रात्रे 30 वर्ष पिता राजेंद्र रात्रे सहित कुल 8 लोग बुधवार को कोरबा पुराना बस स्टैंड पहुंचे थे। जहां तांत्रिक बिलासपुर अमेरी निवासी तांत्रिक आशीष दास के साथ सभी लोग उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरी स्थित एक फार्म हाउस में शाम लगभग 5 बजे पहुंचे यहां बिलासपुर, घुरू, अमेरी से आया तांत्रिक आशीष दास पिता मुकेश दास सहित अन्य लोगों द्वारा फार्म हॉउस के एक कमरे में पैसा झरन विधि से (पैसे की बारिश) करने के लिए तंत्र-मंत्र शुरू किया गया। इस दौरान तांत्रिक द्वारा अशरफ मेमन, सुरेश साहू, नीतीश रात्रे के मुंह में नींबू एवं गले में नारियल बांधकर उनके गले में नायलॉन की रस्सी फंसा कर रस्सी खींची जा रही थी। तांत्रिक आशीष दास द्वारा यह बार बार दोहराया जा रहा था कि जो जीतना रस्सी की तान सहेगा उसके ऊपर उतने ही पैसे की बारिश होगी। यह सुनकर तीनों रस्सी की तान सहते चले गए और कुछ देर बाद ही तीनों मूर्छित होकर कमरे में गिर पड़े। तांत्रिक ने वहां मौजूद अन्य लोगों को तीनों के मूर्छित होने की जानकारी दी, जब बहुत देर तक तीनों युवक होश में नहीं आए तो तांत्रिक द्वारा पुनः फूंक कर तीनों को होश में लाने की कोशिश की गई।

### आईजी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

तंत्र मंत्र व साधना के चक्कर में एक साथ तीन लोगों की मौत को लेकर पूरे दिन भर शहर में तरह तरह की चर्चाएं सरगर्म रही। घटना की गंभीरता को देखते हुए बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ.संजीव शुक्ला गुरूवार की दोपहर कोरबा पहुंचे, जहां पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य अधिकारियों की टीम उरगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कुदरी स्थित घटना स्थल पहुंचे, आईजी श्री शुक्ला ने घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया और मामले की गंभीरता से तहकीकात के लिए पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। जिसके आधार पर पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की टीम मामले की जांच कर रही है।

### अब तक पांच लोग हुए गिरफ्तार

अभी तक जो हमको प्रथम दृष्टया पूरा मामला समझ में आया है वो यह है कि यहां पर तांत्रिक तंत्र पूजा के लिए ये लोग आए हुए थे। यहां पर तीन लोगों की मौत हुई है, एफएसएल सहित अन्य टीम मामले की जांच कर रही है। अब तक पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, कुछ आरोपियों की संख्या और बढ़ सकती है, हम हर एक बिंदू पर जांच कर रहे हैं।

-**सिद्धार्थ तिवारी,** पुलिस अधीक्षक, कोरबा

# वर्षों पुरानी समस्याएं हो रही दूर कोरबा का तेजी से हो रहा विकास



फीता काटकर शुभारंभ करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार राज्य के सर्वागीण विकास के लिए दृढ़संकल्पित है, विकास के सभी क्षेत्रों में हमारे छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है, विगत दो वर्षो के दौरान पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए राज्य सरकार ने एक जनहितैषी सरकार की छबि अंकित की है। जहां तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, यहां की बरसों पुरानी समस्याएं दूर हो रही हैं तथा कोरबा के विकास के लिए धनराशि की कोई कमी भविष्य में भी नहीं होने दी जाएगी, यह मैं आश्वस्त करता हूं।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने किया आक्सीजोन विकास कार्यों का लोकार्पण

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के वार्ड क्र. 32 पोड़ीबहार बांसबाड़ी उद्यान में आक्सीजोन विकास कार्यों के लोकार्पण के दौरान कही। उन्होंने पोड़ीबहार बस्ती के विभिन्न स्थानों में किए जाने वाले 3 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर के द्वारा की गई, वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति नूतन सिंह ठाकुर सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण आदि उपस्थित रहे। निगम द्वारा पोड़ीबहार मुक्तिधाम के सामने स्थित बांसबाड़ी उद्यान में एन.सी.ए.पी. मद से आक्सीजोन का निर्माण 1 करोड़ 60 लाख 11 हजार रूपये की लागत से किया गया है, जिसका लोकार्पण गुरुवार को उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के हाथों किया गया। इसी प्रकार निगम द्वारा वार्ड क्र. 32 पोड़ीबहार में मंदिर के समीप प्रभारी मंत्री मद से 7 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी.छत का निर्माण, वार्ड क्र. 32 पोड़ीबहार अंतर्गत महालक्ष्मी इंटरप्राईजेस से सुरेशचंद मंगल के घर तक जिला खनिज न्यास मद से 6 लाख रूपये की लागत से सी.सी.रोड व नाली का निर्माण तथा वार्ड क्र. 32 अंतर्गत यादव के घर से सी.पी.पटेल घर तक जिला खनिज न्यास मद से 6 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली का निर्माण किया जाना हैं, जिनका भूमिपूजन भी केबिनेट मंत्री श्री देवांगन के करकमलों से किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने इन विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया तथा शीघ्र कार्य प्रारंभ कर पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

# विद्युत वितरण कार्यालय दीपका का घेराव कर महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ज्योति नगर दीपका की आक्रोशित महिलाओं ने विद्युत वितरण विभाग दीपका कार्यालय पहुंचकर अनियमित और अत्यधिक अनाप-शनाप बिजली बिलों तथा घरों की लाइन काटे जाने के विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने बिजली अधिकारी व कर्मचारियों को चेतावनी दी कि यदि बिलों का सुधार और कटी हुई लाइनों को तुरंत बहाल नहीं किया गया तो वे जन-आंदोलन के तहत दफ्तर का घेराव करेंगी।

**खास बात**

- अनाप शनाप बिजली बिल और लाइन काटने पर जताया विरोध



प्रदर्शन करते ग्रामीण।

वार्ड की महिलाओं का कहना था कि दीपका बिजली विभाग नियमित रूप से बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को भी मनमाने और बेतहाशा बिल भेज रहा है। इसके अलावा विभाग ने कई घरों के बिजली कनेक्शन के तार काटकर लाइन काट दी है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने अधिकारियों और कर्मचारियों के दोहरे मापदंड पर भी गंभीर आरोप लगाए उन्होंने कहा कि एक ओर तो ईमानदार उपभोक्ताओं पर सख्ती की जा रही है वहीं दूसरी ओर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों के खिलाफ बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। आक्रोशित महिलाओं ने अधिकारियों को दो टूक में स्पष्ट संदेश दिया यदि हमारे अनाप-शनाप बिजली बिलों का तत्काल सुधार नहीं किया गया और जिन घरों की बिजली लाइन काटी गई है उन्हें तुरंत बहाल नहीं किया गया तो हम सभी मिलकर दीपका के बिजली दफ्तर का घेराव करेंगे और एक जन-आंदोलन शुरू करेंगे इसकी सारी जवाबदारी और होने वाली समस्याओं के लिए दीपका का बिजली विभाग जिम्मेदार होगा। इस विरोध प्रदर्शन में वार्ड की अनीता तिवारी, कंचन देवी, प्रभा देवी, रानी देवी, चुनी देवी, सिपल देवी, चंदा सिंह, ममता वर्मा, बबीता सोनी रूबी देवी, शिवराम, सावित्री केवट सहित ज्योति नगर वार्ड की अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# अनाचार के मामले में आरोपी को 12 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर एक महिला अपने साथ उत्तर प्रदेश ले गई थी, जहां युवक ने किशोरी से शादी कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मामले में आरोपी युवक के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 12 वर्ष एवं सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक सुनील मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक किशोरी को बहला फुसलाकर रजनी नामक महिला अपने साथ यूपी ले गई थी, जहां यूपी में निवासरत विनोद पटेल नामक युवक ने किशोरी के साथ शादी कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में विनोद और रजनी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले को न्यायालय में पेश किया था, जहां आरोपी विनोद के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर अपर सेशन न्यायाधीश डॉ.ममता भोजवानी ने आरोपी विनोद को 12 वर्ष सश्रम कारावास व 5 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की है।

### छग पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक संपन्न

**कोरबा।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोरबा की मासिक बैठक गुरूवार को ओपेन थियेटर घंटाघर में आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 17 दिसंबर को बलौदाबाजार में आयोजित पेंशनर दिवस सह सम्मान समारोह जिसके विशिष्ट अतिथि टंकराम वर्मा मंत्री राजस्व एवं उच्च शिक्षा रहेंगे, जिसमें जिला एवं तहसील शाखा के पेंशनर सम्मिलित होंगे। 29 दिसंबर को मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के पेंशनरों द्वारा धारा (49-(6))को हटाने प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में संरक्षक डीआर सारथी, आरके शर्मा, एसएस तोमर, जेपी श्रीवास्तव, अजय पाण्डेय, आरके वर्मा, प्रशान्त दत्ता, गोपाल प्रसाद प्रजापति, एनके नामदेव, प्रभात शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण** – 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण** – 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# डीपीएस के रंगारंग वार्षिकोत्सव में 'सितारे जमीं पर'







## छोटे-छोटे बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, किया गया प्रतिभाओं का सम्मान

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर का 17वां गरिमामय वार्षिकोत्सव समारोह गुरूवार को संपन्न हुआ। समारोह में सर्वोच्च अंक पाकर सम्मान प्राप्त कर रहे बच्चों से लेकर स्टेज पर अपनी रंगारंग प्रस्तुति देने वाले बच्चों तक प्रत्येक बच्चा किसी सितारे से कम नहीं लग रहा था। समारोह में इन सभी प्रतिभावान बच्चों को देखकर ऐसा महसूस हो रहा था कि मानो आसमान से इन बच्चों के रूप में सारे 'सितारे ज़मीन पर' उतर आए हैं।

**बिलासपुर।** डीपीएस के वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा मंगलमयी गणेश वंदना मंत्रावृत्ति व मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत नृत्य विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति और डीपीएस एंथम द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। स्वागत भाषण के साथ अति विशिष्ट अतिथियों का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया गया। प्राचार्य जसपाल सिंह ने डीपीएस की गत वर्ष की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए आगंतुकों का हार्दिक स्वागत सहित धन्यवाद ज्ञापित किया।



### इन्हें मिला प्रिंसिपल कप

शिक्षा जगत में श्रेष्ठ उपलब्धि अर्जित कर प्रिंसिपल कप प्राप्त करने वालों में बायोलॉजी संकाय में टॉप करने तथा फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी में टॉप करने पर वेदश्री बेहरा को, गणित संकाय में टॉप करने पर निशित श्रीवास्तव को तथा आदित्य राज को वाणिज्य संकाय से बिज़नेस स्टडी तथा एप्लाइड मैथ्स में टॉप करने पर प्रदान किया गया। ह्यूमैनिटी संकाय में साइकोलॉजी और लीगल स्टडीज में टॉप करने पर निष्ठा अखियानिया को पीवीसी कप से सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा बारहवीं में विषयवार टॉप करने वाले विद्यार्थियों में युवराज वर्मा, मैकला नामदेव, शिफा निगार खान, इशानी महापात्रा, अवधेश सिंह राठौर, श्रेयांश रत्न राउत, शुभ अग्रवाल, जिनी सेलिना खान, माही अग्रवाल, ऋषि मिश्रा और रोहित पाल को सम्मानित किया गया।

### खेल के क्षेत्र में विजयी स्टूडेंट्स का सम्मान

क्वालिफाइड फॉर इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल में तरुन्या शेंडे, मनीत कौर मक्कड़, कृतिका ठाकुर, आरना कुरैशी और जिज्ञासा प्रधान, क्वालिफाइड फॉर नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में मान्या अग्रवाल, काव्या शुक्ला और प्रिन्जा मिंज, सीबीएसई जोनल लेवल विनर इन स्वीमिंग प्रिशा शुक्ला, अकिरा बिस्वास, शानवी शिवान्या बेहरा, आराध्य कंजानी, सीबीएसई जोनल लेवल विनर इन स्केटिंग सुहानी अग्रवाल, सीबीएसई जोनल लेवल विनर एवं स्टेट लेवल इन स्केटिंग अश्मि शर्मा, सीबीएसई जोनल लेवल विनर इन जूडो आराध्य श्रीमोर, सार्थक सिंह, शिहिज गिडवानी, शौर्य प्रताप सिंह, आदित्य चतुर्वेदी, मोहम्मद नाजिल अहमद, स्टेट लेवल विनर इन बैडमिंटन आरुष गुरबानी को सम्मानित किया गया। सत्र 2025-26 के के लिए एक बार फिर बेस्ट हाउस की ट्राफी ब्रह्मपुत्र सदन को प्रदान की गई।

### इन प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान

वर्ष भर विभिन्न सांस्कृतिक, अकादमिक, शैक्षणिक, क्रीडा, अनुशासन सहित बहुमुखी क्षेत्रों में ऑल राउंडर प्रदर्शन करने पर प्री नर्सरी से तन्वी पोपटानी, नर्सरी से अमायरा खान, प्रेप से जेविश सवन्नी, प्रथम कक्षा से श्रीजा पांडे, दूसरी कक्षा से दिशिता कश्यप, तीसरी से आदिभव चंदेल, चौथी से आरव जयसवाल, पांचवीं से विधि टावरी, छठवीं सेविवान अग्रवाल, सातवीं से वर्तिका अग्रवाल, आठवीं से विवान मिश्रा, नवमीं से अर्थिया अविरति। मोस्ट डिसिप्लेन एंड वैल मैनर्ड बॉय एंड गर्ल प्री- नर्सरी से अवध मिश्र और अमाया हरियानी, नर्सरी से रितेयु शर्मा, अरिका जैसवाल और अन्विता जैसवाल, प्रेप सेअनंत सवन्नी और सत्विका शर्मा, कक्षा बारहवीं से शौर्य देवांगन और मान्य सोनछात्रा। मोस्ट डिसिप्लेन कक्षा बारहवीं ए तथा बारहवीं बी के कक्षा अध्यापक श्री रवीन्द्रनाथ भटनागर एवं अध्यापिका श्रीमती मोनिका चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया। दसवीं से सौजन्य सिंह राजपूत 97.8%, विज्ञान संकाय गणित टॉपर 89.28% के साथ नैतिक देवांगन, ग्यारहवीं जीव विज्ञान संकाय में 89.29% के साथ मीनाक्षी चौबे, वाणिज्य संकाय टॉपर मुक्ति देवांगन 88.73% 85%, ह्यूमैनिटी टॉपर इप्शिता अग्रवाल 95.85% आदि को प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।

### बच्चों ने दी मनमोहक रंगारंग प्रस्तुति

समारोह की शुरुआत मधुर स्वर द्वारा प्रस्तुत समूह गीत से हुई। इंग्लिश नाटक में भारत की महान संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। 'अतिथि देवो भव' का सार की उदार भावना को प्रस्तुत किया गया। आर्केस्ट्रा की धूम-धमाके से वहां उपस्थित जनसमुदाय झूमने लगा था। सुरों की धुनें, तालों का संगम, तबला, मृदंगम, ढोल सब मिलकर राग मल्हार की सुन्दर धुन को जीवंत किया गया। कक्षा पहली तथा दूसरी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने वेलकम डांस द्वारा बाल-सुलभ अभिनय व नृत्य कला से सबका मन मोह लिया। हास्यरस से भरपूर हिंद नाटक 'अनोखा पहुना' में दर्शक हँस हँस कर लोटपोट होते रहे। पीपीडब्लू के बच्चों ने कार्टून थीम पर आधारित डांस द्वारा बाल दर्शकों को खूब रिझाया। राजस्थानी नृत्य द्वारा ऊर्जावान मटकी, अद्भुत कालबेलिया, और जादुई कठपुतली नृत्य तथा विश्व एकता की भावना को आधार बनाकर नेपाल, इटली, चीन, अमेरिका, भारत सहित समस्त विशेषताओं को नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। सूफ़ी, भरतनाट्यम, ओडिसी, मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसी तरह हरियाणवी डांस, पंजाबी गिद्धा, बंगाली, आदिवासी, हरियाणवी और पंजाबी नृत्य को प्रदर्शित किया गया। महाकुम्भ का महत्व बताया गया। अंत में म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के संयोजन के साथ संगीतमयी आर्केस्ट्रा की धमाकेदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में हेड बॉय प्रणम श्रीवास्तव और हेड गर्ल इप्शिता शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### अतिथि जो समारोह में उपस्थित रहे

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु , विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिभूमि आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी, सिंधु एजुकेशन फाउंडेशन की चेयरपर्सन डा. एकता सिंधु, एसीबी इंडिया के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर वीरसेन सिंधु, डायरेक्टर इंडस ग्रुप आफ स्कूल सुभाष श्योराण, एकेडमिक डायरेक्टर नवीन पृथी, डीपीएस दुर्ग की प्रिंसिपल श्रीमती पुनीता नेहरू, इंडस स्कूल दीपिका के प्रिंसिपल डॉ.संजय गुप्ता, इंडस स्कूल रोहतक के प्रिंसिपल दीपक कुमार, प्रिंसिपल जींद श्रीमती अरुणा शर्मा एवं प्रिंसिपल हिसार डॉ. एस.सी. राजपूत सहित अतिथि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने धान उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण

**चैतमा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्राम्रीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने चैतमा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ धान उपार्जन केंद्र चैतमा का निरीक्षण किया। दरअसल किसानों को आनलाइन टोकन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसान धान कटाई के बाद अपनी मेहनत की कमाई फसल को मिसाई कर अपनी जरूरत की पूर्ति के लिए धान को बेच कर पूरा करते हैं परंतु वर्तमान में सरकार के बार बार नियमों परिवर्तन से किसान परेशान हैं। किसानों की समस्या को जानने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्राम्रीण कोरबा के अध्यक्ष मनोज चौहान द्वारा जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों का सघन दौरा कर रहें हैं। इसी कडी में मंगलवार को धान उपार्जन केंद्र चैतमा (गोपालपुर) का निरीक्षण किया गया और धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर हो रहे समस्याओं की जानकारी लिया गया। साथ ही साथ हमालों से भी चर्चा कर उनकों दिया जाने वाला मजदूरी की जानकारी लिया गया। धान उपार्जन केंद्र प्रभारी आदिम जाति सेवा सहकारी समित चैतमा के प्रभारी प्रबंधक से भी चर्चा किया गया। जिसमें किसानों को हो रहा समस्या का समाधान करने को कहा गया। इसमें मुख्य रूप से डी. के. आदिले, अमूंदलाल भारीया, पराग मरावी और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केडीबीए में शर्मा संरक्षक तो अग्रवाल बने अध्यक्ष



**कोरबा।** जिला बैडमिंटन संघ की सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें संघ में मौजूदा अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के दायित्वों में परिवर्तन किया गया है। 25 वर्ष से अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे अशोक शर्मा पद मुक्त हो गए हैं। अब वे संरक्षक की कमान संभालेंगे। अशोक अग्रवाल अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। गोपाल शर्मा के स्थान पर मनीष गुप्ता सचिव एवं कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सोनल फेलिक्स को सौंपी गई है। आगे भी संघ के सहयोग के लिए समर्पित रहूंगा। बुधवार को शाम 7.30 बजे टीपी नगर स्थित होटल औरा गोल्ड में हुई इस बैठक दो प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। इनमें फरवरी 2026 की छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स बैडमिंटन स्पर्धा की रूप रेखा एवं कोरबा जिला बैडमिंटन संघ कार्यकारिणी पुनर्गठन पर विचार के बाद नए निर्णय लिए गए। गोपाल शर्मा एवं श्रीमती मधु पांडेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं गौतम साहू सहसचिव के पद पर नियुक्त किए गए हैं। संघ में विस्तार करते हुए नए सदस्य भी शामिल किए गए हैं। इनमें तापस खस्तगीर, दीपक सोनी, सूर्यकांत ठाकुर, संजय शाह एवं गौतम साहू शामिल हैं।

### मजूदर एकता सेवा समिति के सदस्यों ने किया रक्तदान




**मड़वारानी।** एसईसीएल छाल खुली खदान के अंतर्गत ओवरबर्डन के कार्य में लगे ठेका कंपनी रामकृपाल प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत श्रमिकों द्वारा गठित मजदूर एकता सेवा समिति आजकल सेवा की नई मिसाल पेश कर रही है। अपने श्रमिक साथियों के सुख दुख में तो हमेशा साथ रहती ही है पर बाहर में भी किसी भी जरूरतमंद की हरदम मदद को तैयार रहती है। विगत दिनों सड़क दुर्घटना में घायल अशोक यादव जिनका ईलाज जिंदल फोर्टिस हॉस्पिटल रायगढ़ में चल रहा था, जिनको ब्लड की सख्त जरूरत थी। जिसकी जानकारी मिलने पर मजदूर एकता सेवा समिति छाल के बलिन्दर ठाकुर, बोधन चौहान, नारायण सिंह चौहान, जितेंद्र लोहरा के द्वारा 4 यूनिट रक्तदान जिंदल हॉस्पिटल जाकर किया गया। जहां अब मरीज की हालत बेहतर है। इस तरह से श्रमिकों द्वारा निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर पीड़ति परिवार की मदद की गई जो प्रशंसनीय है। मजदूर एकता सेवा समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने कहा कि अभी तक़ उनके यूनियन द्वारा अब तक़ निशुल्क 195 यूनिट रक्तदान किया गया है।

## निधन

### सुबुध झा



**कोरबा।** सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल के संचालक प्रमोद झा के पिता सुबुध झा का गुरूवार को निधन हो गया है। वे अपने पीछे पत्नी, 2 पुत्र, एक पुत्री व उनके पौत्र पौत्रीयों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# सिमगा के विद्यार्थियों के जीवन में लौटी शिक्षा की नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के दूरस्थ क्षेत्र पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिमगा में वर्ष 2014 से संचालित हायर सेकंडरी स्कूल अब शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। सिमगा, घोसरा और आसपास के लगभग दस किलोमीटर दायरे के गाँवों से विद्यार्थी यहां पढ़ने आते हैं। विद्यालय में कुल 178 विद्यार्थी दर्ज हैं, जिनमें से लगभग सभी अनुसूचित जनजाति वर्ग से आते हैं। यह विद्यालय ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र के बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

लंबे समय तक विद्यालय में अंग्रेजी और वाणिज्य विषय के व्याख्याता नहीं थे, जिसके कारण विद्यार्थियों को इन विषयों की नियमित कक्षाएँ प्राप्त नहीं हो पाती थीं। इससे उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी पहल पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का निर्णय लिया गया। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत सिमगा हायर सेकंडरी स्कूल को अंग्रेजी विषय के व्याख्याता के रूप में रमाकांत कुशरो और वाणिज्य विषय की व्याख्याता के रूप में श्रीमती रुकमणी पुरैना की नियुक्ति मिली। इन शिक्षकों के आने के बाद विद्यालय का माहौल सकारात्मक रूप से बदलने लगा और पढ़ाई की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। ग्राम सिमगा की सरपंच गायत्री आयाम और ग्राम पंचायत घोंसरा की शाम बाई बिंझवार ने बताया कि नए व्याख्याता आने से स्कूल में पढ़ाई का वातावरण काफी बेहतर हुआ है। विद्यार्थियों में उत्साह दिखाई दे रहा है और उनकी रुचि भी बढ़ी है। कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियोंकृलक्ष्मी, साहिल, आशु, सोनिया, दिल कुमार, रमी सिंह, रितेश, जय कुमारी, समिता, याचना और विकासकृने भी कहा कि पहले नियमित शिक्षक न होने के कारण उनकी पढ़ाई बाधित होती थी, लेकिन अब अंग्रेजी और वाणिज्य दोनों विषयों की अच्छी तरह पढ़ाई हो रही है।

## युक्तियुक्तकरण से व्याख्याता व प्राचार्य की हुई नियुक्ति



### लंबे समय से प्राचार्य का पद था रिक्त

विद्यालय में वर्षों से नियमित प्राचार्य का अभाव भी था। हाल ही में सतीश प्रकाश सिंह के नियमित प्राचार्य के रूप में पदस्थ होने से विद्यालय में नवाचार की शुरुआत हुई है। उन्होंने पदस्थापन के साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा व रोजगार के प्रति जागरूक करने का अभियान प्रारंभ किया है। प्राचार्य श्री सिंह स्वयं भी विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन दे रहे हैं और विशेषज्ञों को बुलाकर नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। उनका कहना है कि तकनीकी युग में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रेरित और समर्थ बनाना आवश्यक है।

## दीपका थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# श्रीराम फायनेंस के दफ्तर में लगी आग, लाखों का माल खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा रोड स्थित श्रीराम फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में बुधवार की रात लगभग 12 बजे अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी विकराल थी कि ऑफिस का अधिकांश फर्नीचर और दस्तावेज जलकर खाक हो गया। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू किया गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत कटघोरा रोड में संचालित श्रीराम फाइनेंस दफ्तर में बुधवार की रात 12 बजे की है। आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम में तैनात सुरक्षा गार्ड ने श्रीराम फाइनेंस कंपनी के ऑफिस से धुआँ निकलते देखा। गार्ड ने तत्काल इसकी सूचना अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी। जैसे ही इसकी सूचना दमकल विभाग की टीम को मिली वे तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। दमकल के वाहन घटनास्थल पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग ने विकराल रूप ले लिया था और ऑफिस के अंदर पूरी तरह फैल चुकी थी। आग बुझाने के लिए कुल चार दमकल वाहनों को लगाया गया। दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कंपनी के ऑफिस का अधिकतर सामान, जिसमें महत्वपूर्ण दस्तावेज, कंप्यूटर सिस्टम और फर्नीचर शामिल थे, जलकर पूरी तरह खाक हो चुका था। आग से हुए नुकसान का आकलन लाखों रुपये में किया जा रहा है।



कार्यालय में इस तरह लगी थी आग।

# जनजाति संस्कृति भारत विरासत के रूप में हमको दिलाता है वैश्विक गौरव और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जटगा

प्रकृति के साथ अच्छे सामंजस्य और संतुलन स्थापित कर जनजाति समाज आज हमें एक वैश्विक प्रेरणा का संदेश देता है,क्योंकि जनजाति संस्कृति भारत विरासत के रूप में एक ऐसा गौरवशाली संस्कृति और सभ्यता है जो हमें विश्व में गौरवान्वित करते हुए वैश्विक सम्मान दिलाता है। आज हम सभी भारतीय एक साथ अपनी मौलिक भारतीय दर्शन और ज्ञान परंपरा को समझते हुए हमारे समस्त प्रकार के ऐतिहासिक विरासत को उन्नत बनाए ताकि हमें वैश्विक नेतृत्व में सुखद और सम्मानित अवसर मिल सके। इसके लिए संविधान को मजबूती से लागू करते हुए शिक्षा को प्रमुख माध्यम बनाकर कार्य करना होगा तब कहीं जाकर हम एक अच्छे मानव संसाधन के रूप में समावेशी विकास को प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त बातें प्राध्यापक प्यारेलाल आदिले प्राचार्य जे.बी.डी. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा ने शासकीय नवीन महाविद्यालय जटगा में आयोजित जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सहित अन्य समस्त अतिथियों का स्वागत क्रमशः हेमलता यादव, अजय कुमार, पूजा यादव, लक्ष्मी, दुर्गा, तमन्ना, देवेंद्र,किया। तत्पश्चात प्रो.दिलीप कुजूर ने कार्यक्रम का रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथि परिचय दिया। इस कार्यक्रम में स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जटगा के प्राचार्य श्रीमती तारा सिंह ने अपना विचार व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनहरण अनंत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अतिथि आभार के साथ कहा कि आज हम शिक्षा को सकारात्मक रूप में लें और इसके लिए सतत प्रयास करें। हमारे आने वाले भविष्य को सुनहरा बनाने के लिए शिक्षा को प्रमुख माध्यम बनाएं और विद्यार्थी लगन से पढ़ाई करें। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन प्रोफेसर फिरत राम सहायक अध्यापक राजनीति विज्ञान ने किया उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर विद्यार्थियों में कु.हेमलता यादव एवं अजय कुमार ने अपना विचार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

## जायसवाल समवर्गीय महासभा का राष्ट्रीय महाधिवेशन शिरडी में 13 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

भारतीय कल्चुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा का राष्ट्रीय महाधिवेशन 13 और 14 दिसम्बर को शिरडी में अखिल मुम्बई युवा मंच की मेजबानी में सम्पन्न होगा। राष्ट्रीय सचिव विनोद जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि पूरे राष्ट्र के सभी राज्यों से लगभग 2500 आजीवन सदस्य इस महाधिवेशन में शामिल होंगे। इसी तारतम्य में प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग से 257 आजीवन सदस्यों की पहुँचने की संभावना जतायी जा रही है। जिनके लिए आवास, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था 12 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक मेजबान द्वारा की जाएगी। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सहायक निर्वाचन अधिकारी रामगोपाल डिक्सेना ने कहा कि इस पांचवी राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रथम दिवस सभी राज्यों के कार्यकारी अध्यक्ष, महासचिव, महिला एवं युवा समिति, प्रदेश इकाइयों का प्रगति विवरण, कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का विवरण सहित निर्वाचन संबंधी आवश्यक चर्चा की जाएगी। द्वितीय दिवस अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन लोकतांत्रिक प्रकिया से की जाएगी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ उपरांत अध्यक्ष एवं महासचिव का उद्बोधन होगा, जो समाज की एकता और अखंडता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जायसवाल समाज के बंधुओं से आग्रह है कि इस महाधिवेशन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर समाज को नई दिशा के लिए अपना अमूल्य सुझाव प्रेषित कर आयोजन की भव्यता में द्विगुणित करेंगे।





## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मुकेश का क्षत्रिय राठौर समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्षत्रिय राठौर समाज के द्वारा सियान सदन घंटाघर में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य ने नवनियुक्त जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर का स्वागत किया। क्षत्रिय राठौर समाज कोरबा जिला के मासिक बैठक प्रत्येक माह 10 तारीख को सम्पन्न होती है इस माह के बैठक में समाज से मुकेश राठौर जो समाज के संरक्षक भी हैं जिनको कांग्रेस जिला कोरबा से शहर अध्यक्ष बनाये जाने पर समाज में खुशी की लहर है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज के लोगों ने मुकेश राठौर का स्वागत और सम्मान का कार्यक्रम रखा। साथ ही नये भवन निर्माण संबधित चर्चा के साथ सामाजिक उत्थान के बारे में विशेष चर्चा किया गया। उपस्थित सभी लोगो ने सम्बोधित करते हुए मुकेश राठौर के नई जिम्मेदारी को लेकर उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी का गठन चुनाव के माध्यम से होना है। बैठक में निर्णय लिया गया जो भी प्रतिभागी भाग लेते हैं उनका पूरी तरह से समर्थन एवं सहयोग किया जाएगा। नवनियुक्त जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि विश्वास के इस दायित्व को जिम्मेदारी के साथ निभाने का यथासंभव प्रयास करूंगा और संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता होगी। इस दौरान शिव नारायण राठौर संरक्षक, मनोज राठौर अध्यक्ष, अरुण राठौर उपाध्यक्ष, सनत राठौर, मनहरण राठौर भठोरा, कृष्णावतार राठौर, विजय राठौर, कमलेश राठौर, रामू राठौर, मनोज राठौर वकील,संतोष राठौर, पी पी एस राठौर, विनोद राठौर,शिवा राठौर, महिला सदस्य में -राजेश्वरी राठौर, दीपा राठौर, सुनीता कमलेश राठौर,अनीता पी पी एस राठौर, सुनीता मुकेश राठौर, लक्ष्मी राठौर, संतोषी राठौर, कल्पना राठौर, सरिता राठौर, बबिता राठौर, जय कुमारी राठौर सहित अन्य उपस्थित थे ।



कार्यक्रम में उपस्थित समाज के पदाधिकारी व अन्य।

## बालको का अवैध निर्माण, न्यायालयीय आदेशों की अवमानना : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है जिसमें उल्लेख किया गया है कि पूर्व मंत्री द्वारा कलेक्टर के माध्यम से की गई शिकायत में बालको प्रबंधन के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट जी+9 नवीन बालको टाउनशिप में व्यापक अनियमितताओं, अवैध निर्माण, पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन तथा विभागीय अनुमति के बिना कार्य प्रारंभ करने की शिकायत शामिल है। शिकायत के बाद वनमंडल कोरबा ने आदेश जारी कर निर्माण कार्य पर रोक लगाई थी। कोरबा डीएफओ ने जांच उपरांत बालको प्रबंधन व उसके सब-कॉन्ट्रैक्टर आलुवालिया कंपनी को निर्देश दिया था कि शिकायत के निराकरण तक प्रोजेक्ट जी+9 में किसी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए। इसके बावजूद स्थल पर निर्माण कार्य जारी है जो विभागीय आदेशों की अवहेलना का स्पष्ट उदाहरण है। अब तक मशीनरी जप्ती व अधिकारी निलंबन की कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि वास्तविक जिम्मेदारी नियोक्ता संस्था बालको की है, जिस पर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। निर्माण स्थल से लगे पुराने बालसदन स्कूल में छोटे बच्चे प्रतिदिन अध्ययन कर रहे हैं। भारी मशीनरी, वाहनों और निर्माण सामग्री के बीच बच्चों की जान को गंभीर खतरा है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन अब तक मौन हैं। बिना अनुमति के दो दो बार भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।



जयसिंह

**खास बात**

- पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

### पीड़ितों को निःशुल्क ऑक्सीजन कंसंट्रेटर का किया जा रहा वितरण

**कोरबा।** जिले में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर वितरण से संबंधित एक पायलट प्रोजेक्ट पर अशासकीय संगठन काम कर रहा है। सरकार के साथ अनुबंध करते हुए इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिन मामलों में लोगों को आश्वासन से संबंधित समस्याएं हैं, उन्हें निशुल्क थेरेपी का लाभ दिया जाए।

### सफाई कार्य के लिए एसईसीएल के पास पैसा नहीं

**कोरबा।** गेवरा एसईसीएल कॉलोनी में 11 दिनों से ठेका सफाई कार्य बंद है। जिसके कारण सफाई कर्मचारी को भरण पोषण कारण मुश्किल हो गया है। भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सिकन्दर उसर वर्षा ने एसईसीएल विभाग के अधिकारी से बात की तो अधिकारियों ने कहा कि टेंडर हो गया है पर अभी हमारे पास पैसा नहीं है। जिसकी शिकायत सीएमडी बिलासपुर को आरपी खांडे अध्यक्ष शिष्टा के माध्यम से कर दी गई हैं।

## मानिकपुर विद्यालय में आयोजित हुआ था कार्यक्रम

# सृष्टि महिला मंडल ने बच्चों को बांटे विंटर जैकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सृष्टि महिला समिति द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर में विद्यार्थियों को विंटर जैकेट, ड्रॉइंग कॉपी, रंग, पेंसिल, चॉकलेट एवं फ़ूड पैकेट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल, बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्षाओं के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उनके नेतृत्व में समाजसेवा एवं कल्याणकारी कार्य की यह पहल बच्चों को न केवल ठंड से संरक्षण प्रदान करने बल्कि उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं पोषण पर ध्यान केंद्रित करने हेतु महत्वपूर्ण रही।

वितरण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव हेतु विंटर जैकेट उपलब्ध कराना तथा उनकी रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए ड्रॉइंग कॉपी, कलर एवं पेंसिल प्रदान करना था। इस सफल आयोजन में सृष्टि महिला समिति, एसईसीएल कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती अनीता गुप्ता, श्रीमती जे रूपा एकम्ब्रम, मानिकपुर उप क्षेत्र, एवं श्रीमती अनुपमा सिन्हा, रजगामार उप क्षेत्र, श्रीमती संगीता रॉय, डीएसबी उप क्षेत्र एवं समिति की सभी समर्पित सदस्याओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से कार्यक्रम उत्साहपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।




उपस्थित छात्र छात्राएं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तांत्रिक कहता रहा...

बांधकर उनके गले में नायलॉन की रस्सी फंसा कर रस्सी खींची जा रही थी। तांत्रिक आशीष दास द्वारा यह बार बार दोहराया जा रहा था कि जो जीतना रस्सी की तान सहेगा उसके ऊपर उतने ही पैसे की बारिश होगी। यह सुनकर तीनों रस्सी की तान सहते चले गए और कुछ देर बाद ही तीनों मूर्छित होकर कमरे में गिर पड़े। तांत्रिक ने वहां मौजूद अन्य लोगों को तीनों के मूर्छित होने की जानकारी दी, जब बहुत देर तक तीनों युवक होश में नहीं आए तो तांत्रिक द्वारा पुनः फूंक कर तीनों को होश में लाने की कोशिश की गई। काफी देर बीत जाने के बाद जब उन्हें होश में नहीं आया तो बाहर खड़े लोग वहां पहुंचे और अशरफ मेमन, सुरेश साहू, नीतीश रात्रे को अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक तीनों युवक की मौत हो चुकी थी। तीनों चिकित्सकों की टीम ने तीनों का पोस्टमार्टम किया है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट नहीं मिल पाया है। तीनों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया है। वहीं घटना को लेकर मृतक के परिजनों में काफी आक्रोश व्याप्त है। शहर में चर्चा सरगर्म है कि कहीं इसके पीछे किसी की तो साजिश तो नहीं है। कहीं तीनों को साजिश के तहत कोई खाद्य पदार्थ तो नहीं दिया गया है। हालांकि फारेंसिक एक्सपर्ट व पीएम रिपोर्ट के बाद ही सारे कयासों पर विराम लग सकेगा।

**शपथ पत्र**

मैं मोहम्मद तलत जमीर अंसारी, पिता-श्री मोहम्मद रोशन जमीर अंसारी, उम्र- 40 वर्ष, निवासी-एस-11, पर्णकुटी परिसर, गांधी नगर, एयरपोर्ट रोड, हुजूर गांधी नगर (भोपाल) आधार नं-2823 0381 6218 का होकर शपथपूर्वक निम्न आशय का कथन करता हूँ :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है तथा मेरा आधार नं-2823 0381 6218 है।
2. यह कि, मेरी जन्मतिथि-13/06/1985 है जो सत्य व सही है।
3. यह कि, मेरे नाम से जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा जारी किया गया है जिसका रजिस्ट्रीकरण कं-1598 रजिस्ट्रीकरण दिनांक-04/07/1988 है। जिसमें मेरा तलत जमीर एवं पिता का नाम श्री एम आर जेड अंसारी व माता का नाम श्रीमती जरीना दर्ज है।
4. यह कि, मेरा सही नाम मोहम्मद तलत जमीर अंसारी है तथा मेरे पिता का नाम मोहम्मद रोशन जमीर अंसारी एवं माता का नाम जरीना खातून है।
5. यह कि, मैं अपने नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में अपना सही नाम मोहम्मद तलत जमीर अंसारी, पिता के कॉलम में सही नाम मोहम्मद रोशन जमीर अंसारी व माता के कॉलम में जरीना खातून दर्ज/अंकित कराना चाहता हूँ।
6. यह कि, यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
मोहम्मद तलत जमीर अंसारी

## खबर संक्षेप



### गेवरा बस्ती प्रभावितों ने शहर के पास मांगी जगह

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा खदान के लिए गेवरा बस्ती के अधिग्रहण की जारी प्रक्रिया मुआवजे की फाइल को एसईसीएल मुख्यालय से मंजूरी मिलने के बाद ही आगे बढ़ेगी। वहीं बस्ती के विस्थापन पर प्रभावितों ने शहर के नजदीक बसाहट की मांग रखी है। दूसरे गांवों का विस्थापन कर पहले गेवरा बस्ती के प्रभावितों के लिए चिन्हित स्थान पर बसाने से खदान प्रभावितों ने बसाहट पर निर्णय लेने डीआरआरसी की मीटिंग की मांग की है। 2013 में गेवरा बस्ती का अधिग्रहण किया गया है। एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के लिए अधिग्रहित गेवरा बस्ती का ड्रोन सर्वे कराकर मुआवजे की फाइल कंपनी मुख्यालय को भेजी गई है। दो महीने बाद भी मंजूरी नहीं मिली है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में लेटलतीफी से भू-विस्थापितों के रोजगार की आस अधूरी है। एसईसीएल ने गेवरा बस्ती की 1243.557 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। 2913 प्रभावितों को लगभग 299.29 करोड़ रुपए का मुआवजा बंटेगा। कंपनी मुख्यालय से मंजूरी न मिलने से विस्थापन व अन्य प्रक्रिया अटकी हुई है। इस बीच गेवरा बस्ती के खदान प्रभावितों ने एसईसीएल कुसमुंडा एरिया जीएम के नाम ज्ञापन दिया है।

### सफाई कार्य के लिए एसईसीएल के पास पैसा नहीं : सिकंदर



**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा कॉलोनी में 11 दिनों से ठेका सफाई कार्य बंद है जिसके कारण सफाई कर्मचारी अपने परिवार भरण पोषण कारण बहुत मुश्किल हो गया है भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सिकन्दर उसर वर्षा ने एसईसीएल विभाग के अधिकारी से बात की तो अधिकारी द्वारा कहना है कि टेंडर हो गया है पर अभी हमारे पास पैसा नहीं है हम हेड क्वॉटर से बात करेंगे इस तरह की गोल मोल जवाब दे रहे हैं जिसकी शिकायत सीएमडी बिलासपुर को आर. पी. खांडे अध्यक्ष शिष्टा के माध्यम से कर दी गई हैं भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सिकन्दर उसर वर्षा ने सीधे तौर साफ कहा है कि जल्द जल्द समस्या का हल नहीं होगा तो एसईसीएल गेवरा कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन होगा।

### टीचर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनोज चौबे ने बताया कि पोड़ी- उपरोड़ा ब्लॉक में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के रिक्त पद पर जल्द नियुक्ति करने, अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ सभी कर्मचारियों को 13 दिन का आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त 7 दिन का आकस्मिक अवकाश कुल 20 दिन का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा रायगढ़ और बिलासपुर से सेवा पुस्तिका का सत्यापन विभाग द्वारा कराने, सभी शिक्षकों का जीपीएफ पासबुक संधारण कर सभी कर्मचारियों को पासबुक प्रदान करने सहित शिक्षक हित में आदेश जारी करने की मांग कलेक्टर से की है। इस पर कलेक्टर ने सभी विषयों के समाधान का आश्वासन दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने डीईओ को भी ज्ञापन दिया।

### अटका ओवरब्रिज का काम, हर 10 मिनट में बंद हो रहे फाटक से लोग हलाकान

**कोरबा।** कुसमुंडा के इमलीछापर चौक पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पिछले लगभग ढाई साल से रुका हुआ है। निर्माण क्षेत्र में आ रहे 11 मकानों को तोड़े जाने के लगभग 6 माह बीत जाने के बाद भी अब तक काम दोबारा शुरू नहीं हो सका है। प्रशासन ने 6 माह पहले बरसात के दौरान मकानों को खाली करवाकर ढहा दिया था ताकि ओवरब्रिज का निर्माण तेजी से शुरू हो सके। हालांकि जमीन खाली होने के बावजूद निर्माण एजेंसी राइट्स का कोई अधिकारी अब तक काम शुरू कराने के लिए मौके पर नहीं पहुंचा है। राइट्स की यह सुस्ती और प्रशासन की अनदेखी लगभग 2 लाख की आबादी के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। इमलीछापर चौक से आवाजाही करने वाले कुसमुंडा, गेवरा-दीपका, भिलाई बाजार, हरदीबाजार, बांकीमोंगरा सहित आसपास के 25 गांवों के लोग प्रभावित हैं। इमलीछापर फाटक, कुसमुंडा थाना और खदान क्षेत्र को जोड़ता है। यहां गेवरा रोड स्टेशन से कोयला खदानों तक रेल लाइन गुजरी है, जिस पर 24 घंटे मालगाड़ियों का आवागमन होता है। इस वजह से फाटक औसतन हर 10 मिनट में बंद होता है, जिससे राहगीर घंटों फंसे रहते हैं। इसके अलावा, कुसमुंडा खदान से गुजरने वाले 1 हजार मालवाहक भी इसी फाटक से होकर गुजरते हैं।

# मनरेगा में अनियमितता की आशंका, प्रशासन ने बरती सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पोंडी उपरोड़ा जनपद क्षेत्र में मनरेगा कार्यों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण जनता को रोज़गार उपलब्ध कराने तथा उनकी भौतिक सुविधाओं जैसे खेत-तालाब, मिट्टी कार्य, पानी संरक्षण संरचनाएं को बढ़ावा देने के लिए मनरेगा योजना लगातार मज़बूती से संचालित की जा रही है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को काम, सम्मान और सुविधा प्रदान करना। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर हर वर्ष करोड़ों रुपये मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण विकास में लगाए जाते हैं लेकिन दूसरी ओर, जमीनी स्तर पर कुछ स्थानों पर लापरवाही की घटनाएँ सामने आने से प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़े हैं।

## सरकार दे रही सुविधा, जिम्मेदारों की लापरवाही ने बढ़ाई चिंता

**खास बात**

- तालाब निर्माण कार्य में मशीन के उपयोग की बात सामने आने पर प्रशासन ने जारी की नोटिस



हाल ही में पोंडी उपरोड़ा जनपद से मिली रिपोर्ट में कृषि तालाब निर्माण कार्य में मशीन के उपयोग की बात सामने आने को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी किया है। मनरेगा के दिशा निर्देशों के अनुसार किसी भी प्रकार की मशीन जैसे जेसीबी का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कार्यस्थल से प्राप्त तथ्यों और शिकायतों के आधार पर प्रशासन ने इस मामले को गंभीर माना। जांच के बाद कार्यक्रम अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी पत्र में यह स्पष्ट कहा गया कि सरकार ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए जो बड़ी राशि निवेश करती है, उसका उद्देश्य तभी पूरा होगा जब कार्य पारदर्शी और श्रम आधारित हों। मशीनों के उपयोग से न केवल योजना की भावना का हनन होता है बल्कि ग्रामीणों के मजदूरी दिवस प्रभावित होते हैं। प्रशासन ने चेतावनी जारी करते हुए बताया कि योजना की नियमावलियाँ सभी ग्राम पंचायतों पर समान रूप से लागू हैं और इनका पालन अनिवार्य है। नोटिस में सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देशित किया गया कि मनरेगा कार्यों के संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता, तथ्य छिपाने, गलत सूचना देने या नियमों की अवहेलना पाए जाने पर भविष्य में सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इसी प्रकार की अनदेखी दोहराई गई, तो जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों और पंचायत कर्मियों पर ही आएगी। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी को दंडित करना नहीं बल्कि मनरेगा योजना को सही दिशा में लागू करना है। सरकार द्वारा दिए जा रहे संसाधनों, धन और साधनों का लाभ सीधे ग्रामीण मजदूरों तक पहुँचे इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि पारदर्शिता, भौतिक सत्यापन और समय पर जानकारी देना ग्राम स्तरीय अधिकारियों की पहली जिम्मेदारी है।

## उद्योगमंत्री ने किया स्वच्छता दीदियों को 80 नग ई-रिक्शों का वितरण

# ई-रिक्शों के उपयोग से स्वच्छता दीदियों को होगी श्रम व समय की बचत : लखनलाल



हरी झण्डी दिखाते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की स्वच्छता में हमारी स्वच्छता दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, हम सबका यह सदैव प्रयास होना चाहिए कि उन्हें उनके कार्य संपादन हेतु आवश्यक सुविधाएं सहज रूप से मुहैया हों, मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारी स्वच्छता दीदियों को आज 80 नग ई-रिक्शा प्राप्त हो रहे हैं तथा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण के कार्य में इन ई-रिक्शों के उपयोग से स्वच्छता दीदियों के श्रम व समय की बचत होगी तथा कम परिश्रम व कम समय में वे अपना कार्य पूरा कर सकेंगी।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम की स्वच्छता दीदियों को ई-रिक्शों के वितरण कार्यक्रम में कहीं। निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूती देने की दिशा में ठोस कार्यवाही करते हुए डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत व 2 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से 80 नग ई-रिक्शा का क्रय किया गया है तथा इन्हें अपने स्वच्छता संसाधन बेडे में शामिल किया जाना हैं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इन सभी 80 ई-रिक्शा का वितरण स्वच्छता दीदियों को किया एवं उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर के द्वारा की गई, वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण आदि की उपस्थिति रही। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्वच्छ भारत मिशन संचालन कर स्वच्छता व साफ-सफाई के महत्व को हम सबके सामने रखा, इससे स्वच्छता के प्रति व्यापक जनजागरूकता आई तथा आमजन स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए। उन्होने कहा कि देश के करोड़ों परिवारों में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण हुआ तथा स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव आए। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव का लगातार मार्गदर्शन कोरबा के विकास के लिए हम सबको प्राप्त हो रहा है, एक ओर जहां कोरबा स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दे रहा है, वहीं यहां के विकास की दिशा में व्यापक रूप से कार्य हो रहे हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने स्वच्छता दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके परिश्रम व कार्यनिष्ठा से कोरबा की स्वच्छता को मजबूत आधार मिल रहा है तथा आपकी बदौलत ही कोरबा देश में स्वच्छता के क्षेत्र में 8वें स्थान पर पहुंचा है, अब आगे बढ़ने की बारी है, स्वच्छ सर्वेक्षण में कोरबा देश में नम्बर 1 पर आए, मैं इस हेतु अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

### स्वच्छता दीदियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि शहर की स्वच्छता में हमारी स्वच्छता दीदियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, जब हम अवकाश के दिनों में छुट्टियां मना रहे होते हैं, तब भी हमारी स्वच्छता दीदियां कार्य कर रही होती हैं, शहर की स्वच्छता में अपना योगदान दे रही होती हैं, हमारा दायित्व बनता है कि हम उन्हें उनके कार्य संपादन हेतु अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराएं, उनके कार्यों को सुगम करे। निश्चित रूप से स्वच्छता दीदियों की इसी मेहनत व प्रयास से ही हमारा कोरबा देश में 8वें नम्बर पर पहुंचा है, आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में हम और अधिक ऊर्जा के साथ मैदान में उतरेंगे तथा अपने कोरबा को देश में और अधिक सम्मानजनक स्थान दिलाएंगे, हमारा प्रयास रहेगा कि हम स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में नम्बर 1 पर पहुंचे तथा स्वच्छता दीदियों के श्रम व प्रयासों को सार्थक करें।

### आज करेंगे एक करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन 12 दिसंबर को 1 करोड़ 5 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मंत्री श्री देवांगन दोपहर 3 बजे कोरबा के सीतामणी चैक में नगर-निगम कोरबा के अंतर्गत 6 कार्यों को भूमिपूजन करेंगे इनमें वार्ड क्रमांक 1 अंतर्गत शा.उ.मा.वि. कोरबा के सामने सीसी रोड नाली निर्माण कार्य लागत 10 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक अंतर्गत ईदगाह में इंदरा नगर आंगनबाड़ी कलवर्ट तक नाली निर्माण कार्य लागत 30 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 6 अंतर्गत पुरानी बस्ती कोरबा में सर्वमंगला फ्लोर मिल से मंडारीर चैक तक सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत 12 लाख रूपए के कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। इस मौके पर नगर पालिक निगम कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत उपस्थित रहेंगी। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन वार्ड क्रमांक 8 के अंतर्गत मोतीसागर पारा नवीन माध्यमिक शाला के सामने सीसी रोड निमाण कार्य लागत 6 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 8 के अंतर्गत मोती सागर बजरंग बली से किराना दुकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य एवं नाली मरम्मत लागत 12 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 9 अंतर्गत नवीन हाईस्कूल सीतामणी अहाता निर्माण कार्य लागत 35 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

## महिला पर चाकू से वार कर लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय बस स्टैण्ड के पास शंकर नगर निवासी महिला की हत्या का प्रयास कर लूटपाट करने वाले एक नाबालिग सहित तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए है। बताया जा रहा है उक्त आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी जेपी गुप्ता ने बताया कि बस स्टैण्ड के सामने शंकर नगर निवासी प्रार्थी प्रकाश देवांगन ने बुधवार 10 दिसंबर को शाम थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना दिवस को अपने रिश्तेदार के यहां छट्ठी कार्यक्रम में जाने के लिए अपनी मां को तैयार होने के लिए बोलकर सामान लाने बाजार गया था। शाम करीब 6:37 बजे उसकी मां ने फोन करके बताया कि वह कमरे में तैयार हो रही थी। उसी दौरान तीन लड़के दरवाजा खोलकर अंदर आए और हत्या तथा लूटपाट करने की नीयत से धारदार लोहे के हथियार से उसके सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। चोट लगने से उसकी मां जमीन पर गिर गई और सभी आरोपी उसकी मां का गला दबाकर पहने हुए मंगलसूत्र तथा कान के टॉप्स को लूट कर भाग गए। मामले की सूचना पर आरोपियों के विरूद्ध हत्या का प्रयास एवं लूट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप और एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार को दी गई। जिस पर अधिकारियों द्वारा थाना चांपा एवं सायबर सेल से एक संयुक्त टीम बनाकर घटना स्थल की ओर रवाना किया गया। इस टीम द्वारा पीड़िता एवं आसपास के लोगों से पूछताछ पर निखिल नामक संदेही के बारे में पता चला। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से सूचना मिली कि शंकर नगर का निखिल पाण्डेय घटना के समय प्रार्थी के मकान के आसपास घूम रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल शंकर नगर से निखिल पाण्डेय को घेराबंदी करके पकड़ा गया। प्रारंभिक तौर पर वह पुलिस टीम को गुमराह करते रहा, लेकिन बारीकी से पूछताछ करने पर अपने मित्र अरूण राजपूत तथा एक अन्य नाबालिग के साथ प्रार्थी की मां पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर आभूषणों की लूट करने का अपराध घटित करना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अलग अलग स्थान से निखिल पाण्डेय के अलावा अरूण राजपूत तथा एक अन्य नाबालिग आरोपी को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से लूटे गए मंगलसूत्र तथा कान के एक नग टॉप्स को जब्त किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में नगर निरीक्षक जे.पी गुप्ता, सायबर सेल प्रभारी सागर पाठक, सहायक उप निरीक्षक अरूण सिंह, विवेक सिंह सहित प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा के अलावा आरक्षक प्रतीक सिंह, माखन साहू, श्रीकांत सिंह, प्रदीप दुबे, गिरीश कश्यप, शंकर राजपूत, आकाश कालोशिया, प्रकाश द्विवेदी, गौरीशंकर राय एवं भूपेन्द्र गोस्वामी का योगदान रहा।

## तेज रफ्तार हाईवा ट्रेलर से टकराई, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी के समीप तड़के हुआ हादसा

एक तेज रफ्तार हाईवा का चालक गुरूवार की तड़के सड़क किनारे खड़ी एक ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलियारीभांठा निवासी खोलबहरा निषाद 34 वर्ष पिता पन्नालाल निषाद हाईवा को लेकर बालको से उरगा की ओर जा रहा था। गुरूवार की सुबह लगभग 4.30 बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी के समीप पहुंचा था कि सड़क किनारे खड़ी एक ट्रेलर वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक हाईवा के स्टेरिंग में फंस गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और खोलबहारा को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अलाव ताप रहा बुजुर्ग आया चपेट में, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- हरदीबाजार थान क्षेत्र के ग्राम नेवसा का मामला

एक वृद्ध अपने घर के पीछे स्थित आंगन में अलाव तापना उस समय महंगा पड़ गया जब वह अलाव की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे वृद्ध को मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी नाजूक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बिलासपुर रेफर कर दिया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेवसा निवासी सहेत्तर राम उम्र 55 वर्ष बुधवार देर रात अपने घर के पीछे आंगन में रखे फसल की खरही की रखवाली कर रहा था, जहां इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए उसने खरही के पास अलाव जलाया था और देर रात को वहीं सो गया। देर रात अचानक अलाव की लपटें उस तक पहुंच गई और वह आग की चपेट में आ गया। उसकी चीख पुकार सुनकर परिजनों की नींद टूटी और किसी तरह आग को बुझाकर आनन फानन में सहेत्तर राम को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी नाजूक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बिलासपुर रेफर कर दिया गया है, जहां उसकी हालत नाजूक बतायी जा रही है।

## हसदेव ताप विद्युत गृह में मनाया गया सुरक्षा सप्ताह

# एचटीपीएस में संरक्षा उपकरणों के उपयोग पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में औद्योगिक संरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष कारखाना प्रबंधक एके. शाह एवं अतिथियों द्वारा सरंक्षा सप्ताह में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल करने के लिए संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन एवं संरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया।

समापन समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके. जोशी, केएनबी. राव, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके. कुरनाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। संरक्षा सप्ताह के संयोजक अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) राजेश बंजारा द्वारा सप्ताहभर होने वाले पूरे कार्यक्रमों का विवरण दिया गया। संरक्षा सप्ताह में केमिकल व इलेक्ट्रिकल सेफ्टी पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, व्यवसायजनक रोगों से सुरक्षा एवं संरक्षा उपकरणों के उपयोग पर प्रशिक्षण आयोजित किए गए। विद्युत संयंत्र में संरक्षा संगोष्ठी के साथ ही केमिकल सेफ्टी पर कर्मचारियों एवं श्रमिकों के बीच चलचित्र का प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों एवं श्रमिकों के लिए नारा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें विजयी प्रतिभागी विकास उईके, आलोक कुमार रात्रे, राधा पैगवार, सुरेंद्र कुमार, काजल महानंदा एवं कार्तिक दास महंत को कारखाना प्रबंधक एवं अतिथियों के हाथों पुरस्कार दिया गया। इससे पहले उद्घाटन समारोह में मुख्य अभियंता एचके. सिंह द्वारा अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों को संबोधित करते हुए संरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल करने का आह्वान किया गया। समारोह में कारखाना प्रबंधक एके शाह, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके पांडे, महिमा मिंज और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके. कुरनाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य संरक्षा अधिकारी पीयूष सोनवानी एवं संरक्षा अधिकारी प्रिया मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों ने हिस्सा लिया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

